# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक वेबिनार में कहा कि पूरे देश के गांवों में आयुष्मान भारत और आरोग्य मंदिर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रहीं है।
2. पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति को देखते हुए दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया।
3. यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने गोलघर जंक्शन के पास नो पार्किंग जोन घोषित किया।
4. अंडमान निकोबार पुलिस भर्ती कॉन्स्टेबलों के पिचहत्तरवें बैच का पासिंग आउट समारोह 12 मार्च को पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार 'सबका साथ सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि देश निवारक और समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम कर रहा है और कई जिलों में सैकड़ों नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिर के माध्यम से पूरे देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है, वहीं योग और आयुर्वेद की भारतीय परंपराएं विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। देखभाल अर्थव्यवस्था के उदय पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा कि देखभाल करने वालों की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है।

<><><><><><><>

पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए दिल्ली हवाई अड्डे ने एक यात्रा परामर्श जारी किया है। पश्चिम एशिया की ओर जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में देरी या समय–सारणी में परिवर्तन हो सकता है। दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी एयरलाइंस में जाने से पहले ताजा जानकारी प्राप्त कर लें। इसके अलावा अन्य सभी उड़ाने निर्धारित समय पर चल रही है। इस बीच, इंडिगो ने कहा है

कि वर्तमान स्थिति के कारण उनकी कुछ उड़ानें लंबे मार्ग से होकर जा सकती हैं। एयरलाइन ने बताया कि दिल्ली से मैनचेस्टर जाने वाली एक उड़ान को अंतिम समय में हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण वापस लौटना पड़ा।

<><><><><><>

नेपाल में रैपर से राजनेता बने और पिछले वर्ष सितंबर में जेन–ज़ी आंदोलन के प्रमुख चेहरे बालेंद्र शाह का, अगला प्रधानमंत्री बनना तय है। उनकी पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने संसदीय चुनाव में भारी जीत हासिल की है। पार्टी को प्रतिनिधि सभा में प्रत्यक्ष निर्वाचन वाली एक सौ पैंसठ सीटों में से एक सौ बाइस सीट मिली हैं और तीन सीटों पर वह आगे चल रही है। नेपाल में लोकतंत्र स्थापित होने के बाद यह सबसे बड़ा चुनावी बहुमत है। चुनाव आयोग ने अबतक एक सौ पैंसठ सीटों में से एक सौ उनसठ के परिणामों की घोषणा कर दी है। अंतिम चुनाव परिणाम अगले दिनों आने की संभावना है, इसमें आनुपातिक प्रतिनिधित्व से निर्वाचित सीटें भी शामिल होंगी। पैंतीस वर्षीय बालेंद्र शाह नें चार बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके और सीपीएन–यूएमएल के अध्यक्ष के.पी.शर्मा ओली को लगभग पचास हजार वोटों से हराया है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान प्रशासन ने गोलघर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए एक आदेश जारी किया है। गोलघर जंक्शन के आसपास अनाधिकृत रूप से वाहनों की पार्किंग के कारण अक्सर यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसे देखते हुए कार्मेल स्कूल लिंक रोड से मार्थोमा चर्च के पास से गोलघर जंक्शन की ओर जाने वाली सड़क के बाईं ओर के हिस्से को 'नो पार्किंग जोन' घोषित किया गया है। प्रशासन ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाना और बार–बार होने वाले यातायात अवरोध को कम करना है। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे गोलघर स्थित मार्थोमा चर्च शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के सामने और उसके सामने स्थित निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस भर्ती कांस्टेबलों के 75वें बैच का पासिंग आउट समारोह 12 मार्च को सुबह 7 बजे से प्रातरापुर स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। समारोह में पुलिस के नवप्रशिक्षित रेक्रूट औपचारिक शपथ ग्रहण करेंगे और प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक पूर्णता के बाद सेवा में शामिल होंगे। इस अवसर पर अंडमान एवं निकोबार पुलिस के आईजीपी (प्रशिक्षण) मुख्य अतिथि के रूप में

उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के विभिन्न सरकारी अधिकारी, अन्य आमंत्रित गणमान्य व्यक्ति तथा प्रशिक्षुओं के परिजन भी शामिल होंगे।

<><><><><><><>

विश्व टीबी दिवस 2026 के अवसर पर राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जन–जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य टीबी इकाई, श्री विजयपुरम द्वारा विभिन्न सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह लाइव फोन इन कार्यक्रम देशभर के साथ अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में भी मनाया जाएगा। इस वर्ष विश्व टीबी दिवस का विषय है "हाँ! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं — भारत के नेतृत्व में, जनभागीदारी द्वारा संचालित" रखा गया है। कार्यक्रम 20 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसमें टीबी की रोकथाम, समय पर जांच, उपचार तथा इसके उन्मूलन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। लाइव फोन इन कार्यक्रम के दौरान श्रोता सीधे फोन कर विशेषज्ञ से अपने प्रश्न पूछ सकेंगे और टीबी से संबंधित सही जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस प्रकार के संवादात्मक कार्यक्रमों से लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार के लिए प्रेरित करने में सहायता मिलती है।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग तथा खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के सहयोग से द्वीपसमूह में शतरंज प्रतियोगिता 'अंडमान–निकोबार चेस महासंग्राम 2.0' का आयोजन 28 और 29 मार्च को नेताजी स्टेडियम में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता ओपन ग्राउंड में फ्लडलाइट्स की रोशनी में आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता निःशुल्क है। सभी प्रतिभागियों के लिए ऑल इंडिया चेस फेडरेशन पंजीकरण अनिवार्य है। खिलाड़ी अपना पंजीकरण वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 23 मार्च शाम साढ़े पांच बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए 94–34–293–379 पर संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से द्वीपों के स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास ट्रेडों में तीन महीने का निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय युवाओं, कारीगरों और जनजातीय समुदायों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 12 जुलाई तक विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित होगा। इसमें पुरूषों के लिए बढ़ईगीरी, कारपेंटरी, जनरल

इंजीनियरिंग और महिलाओं के लिए टेलरिंग एवं गारमेंट मेकिंग के अलावा बेंत और बांस कार्य भी शामिल है। प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास और वैध स्थानीय प्रमाणपत्र धारक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र, चयन प्रक्रिया और अन्य जानकारी के लिए कार्यालय अवधि के दौरान उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**